दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 47 मुरादाबाद 10 June 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मंकी पॉक्स को लेकर योगी सरकार का बड़ा आदेश, यूपी में लक्षण और इलाज के लिए एडवाइजरी जारी



कोरोना वायरस की गति में ब्रेक लगाने के बाद कई देशों में मंकी पॉक्स के केसों को देखते हुए योगी सरकार ने इस संक्रमण को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में भले ही इस संक्रमण को लेकर अभी कोई भी मरीज नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग बीमारी से लड़ने के लिए पूरी तरह से अलर्ट है। जिसके तहत पीएचसी-सीएचसी के प्रभारियों को सतर्कता बरतते हुए मरीज मिलने पर तुरंत ही सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेज में दस बेड का वार्ड बनाने के भी निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि मरीज मिलने पर तत्काल प्रभाव से भर्ती कर इलाज किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न देशों में मंकीपॉक्स संक्रमण के बढ़ते केस को देखते हुए प्रदेश में सावधानी बरतने जाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने आला अधिकारियों को मंकीपॉक्स के लक्षण, उपचार आदि के बारे में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आमजन को जागरूक करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लक्षण वाले लोगों के रक्त आदि की जांच कराएं। भले ही अभी मंकी पॉक्स को लेकर कोई केस सामने नहीं आया हो, पर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियों को शुरू कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में पूरी सतर्कता बरत रही है साथ ही विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेज में दस बेड का वार्ड भी बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### लक्षण व इलाज के लिए एडवाइजरी भी हुई जारी

कोरोना संक्रमण के बाद देश भर में तेजी से फैल रहे मंकी और चिकन पॉक्स बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर लक्षण एवं इलाज के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। शासकीय सहित निजी अस्पतालों में इलाज के लिए संदिग्ध मरीजों के सैंपल पुणे स्थित लैब भेजे जाएंगे।

## कोरोना के बाद खुजली के मरीज ऐसे हुए ठीक, कई मामलों में बीमारी जड़ से खत्म

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी में कोरोना के बाद अब खुजली के मरीजों में कमी आ गई है। इसका कारण है कि लोगों ने कोरोना से बचने के लिए आईवरमेक्टिन दवा खाई इस दवा के कारण कई खुजली के मरीज ठीक हुए। इस दवा का सबसे ज्यादा फायदा खुजली के मरीजों को मिला। यहां तक कि कई सालों से दाद, खाज और खुजली से परेशान लोगों की बीमारी जड़ से खत्म हो गई। इस बारे में जानकारी राजधानी के सरकारी अस्पतालों से हुई। वहीं इस बारे में त्वचा विशेषज्ञों का दावा है कि आइवरमेक्टिन और पर्मेथिन क्रीम ने बैक्टीरिया और बीमारी के अन्य कारणों को रोका जिससे खुजली के मरीज कम हुए। बलरामपुर अस्पताल के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. एमएच उत्सानी ने बताया कि आइवरमेक्टिन वाली पर्मेथिन क्रीम खुजली का इलाज करती है। इसी के इस्तेमाल से खुजली के मरीजों में भारी कमी आई। खास बात है कि सरकारी अस्पतालों में दोनों दवाएं मुफ्त मिलती हैं।

## अखिलेश की सीट पर धर्मेंद्र, आजमगढ़ पहुंचे ओपी राजभर बोले-भाजपा को केवल सपा का वंशवाद दिखता है



आजमगढ़ में लोकसभा के उपचुनाव के लिए सपा और भाजपा ने ताकत झोंक दी है। अखिलेश यादव की सीट पर धर्मेंद्र यादव को टिकट देने को परिवारवाद से जोड़ते हुए बीजेपी ने मुद्दा बनाया हुआ है। बीजेपी के आरोपों का गुरुवार को सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने जवाब दिया। आजमगढ़ में रणनीति तैयार करने पहुंचे राजभर ने कहा कि भाजपा वालों को केवल सपा का वंशवाद दिखता है। उन्हें गाजियाबाद से राजनाथ सिंह का बेटा ही चुनाव लड़ता है तो नहीं दिखता है। अमित शाह का बेटा बीसीसीआई का अध्यक्ष बन जाता है तो दिखाई नहीं देता। वहां न वंशवाद है और न ही जातिवाद है। राजभर ने कहा कि भाजपा के पास दो चश्मे हैं। एक तरफ अखिलेश यादव दिखाई देते हैं। दूसरी तरह कुछ दिखाई ही नहीं देता। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में बिखराव नहीं है। राजभर समाज सपा के साथ है। यही कारण है कि जिले की सभी सीटों पर सपा चुनाव जीती। राजभर ने कहा कि भाजपा के लोग प्रोपेगंडा फैला रहे हैं। असली मुद्दों से जनता का ध्यान हटा रहे हैं। भाजपा के लोग हिंदू-मुसलमान और भारत पाकिस्तान की राजनीति करते हैं। आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव के प्रत्याशी को जिताने के लिए राजभर ने सुभाषपा के पदाधिकारियों के साथ रणनीति बनाई। चुनाव की तैयारियों के संबंध में उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता 24 घंटा तैयार रहते हैं। हम लोग न्याय पंचायत स्तर तक जाएंगे। कानपुर हिंसा मामले पर राजभर ने कहा कि जिसने आग लगाई उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। गिरफ्तारी नहीं हो रही है। ऐसा इसलिए कि वह भाजपा के लोग हैं। जो भाजपा के लोग नहीं हैं, उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। राजभर ने कहा कि हिंदू मुसलमान के नाम पर प्रदेश में आग लगाई जा रही है। उन्हें आग लगाकर वोट चाहिए।

## राष्ट्रपति चुनाव 18 जुलाई को होगा, 21 तारीख तक नतीजा; निर्वाचन आयोग ने जारी किया शेड्यूल




राष्ट्रपति चुनाव का शंखनाद निर्वाचन आयोग ने कर दिया है। देश के नए राष्ट्रपति का चुनाव 18 जुलाई को होगा, जिसमें 4,809 वोट डाले जाएंगे। जरूरी होने पर 21 जुलाई को मतों की गिनती की जाएगी। दिल्ली के विज्ञान भवन में मीडिया से बात करते हुए चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान किया। आयोग ने बताया कि 15 जून से अधिसूचना लागू होगी और 29 जून तक नामांकन करने की तारीख रहेगी। 30 जून तक इनकी स्क्रूटनी होगी और उम्मीदवार 2 जुलाई तक अपना नामांकन वापस कर सकेंगे। मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है और नए राष्ट्रपति को 25 जुलाई तक शपथ लेनी है। ऐसे में यह जरूरी था कि नए राष्ट्रपति का चुनाव 24 जुलाई तक हो जाए। चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान करते हुए इस बात का ध्यान रखा है। बता दें कि 2017 में 17 जुलाई को राष्ट्रपति पद का चुनाव हुआ था, जिसमें रामनाथ कोविंद को चुना गया था। तब एनडीए के कैंडिडेट रहे रामनाथ कोविंद को करीब 65 फीसदी मत हासिल हुए थे। इस बार भी एनडीए आसानी से जीतने की स्थिति में है। हालांकि अब तक सरकार या फिर विपक्ष की ओर से कैंडिडेट का ऐलान नहीं हुआ है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि वोट देने के लिए 1,2,3 लिखकर पसंद जाहिर करनी होगी। यदि वोट देने वाले सांसद और विधायक ने पहली पसंद नहीं दी तो फिर वोट को रद्द माना जाएगा। राष्ट्रपति चुनाव में कुल 4,809 वोट होंगे। कुल वोटों का मूल्य 10 लाख 98 हजार 803 होगा। इस चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सांसद मतदान करेंगे। इसके अलावा विधानसभाओं के सदस्य भी मतदान कर सकेंगे। मतदान में लोकसभा एवं राज्यसभा के 776 सांसद और 4,120 विधायक हिस्सा लेंगे।

### कैसे होता है राष्ट्रपति का चुनाव?

भारत में राष्ट्रपति का चुनाव इलेक्टोरल कॉलेज सिस्टम के जरिए होता है, जिसमें सांसद और विधायक मतदान करते हैं। चुनाव आयोग की देखरेख में यह पूरी प्रक्रिया होती है। अब सवाल कि क्या होता है इलेक्टोरल कॉलेज? यह ऊपरी और निचले सदन के चुने हुए सदस्यों से मिलकर बनता है। साथ ही इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा के चुने हुए सदस्य भी शामिल होते हैं। आंकड़ों के लिहाज से बात करें, तो इस चुनाव में 4 हजार 896 मतदाता होंगे। इनमें 543 लोकसभा और 233 राज्यसभा सांसद, सभी राज्यों के 4 हजार 120 विधायक शामिल हैं।

# वाहन चेकिंग के दौरान नेपाली डली व 6 लाख 12 हजार 320 रूपया बरामद, महिन्द्रा जायलो कार सीज

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय मय हमराही टीम द्वारा थाने के सामने हाईवे पर बैरियर लगाकर वाहन चेकिंग की जा रही थी तभी बलरामपुर की तरफ से 01 वाहन जाइलो नं0 क्र2चक्र7217 आती दिखाई दी जो बैरियर के नजदीक आने पर पुलिस को देख कर वाहन मोड़ कर भागना चाहे कि पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर वाहन को रोक कर चेक किया गया तो चालक अपना नाम मो0 सारिक पुत्र मो0 रफीक निवासी बाईपास मोहल्ला नानपारा थाना नानपारा जिला बहराइच बतया व गाड़ी से चेकिंग के दौरान 07 जूट की बोरियो में नेपाली डली ( सुपारी ) बरामद हुई जिसको खोलकर देखा गया तो कटी डली ही थी जिसको मौके पर ही सील किया गया तथा सीमा शुल्क अधिनियम 1963 की धारा 111( क्र) का अपराध पाते हुए उक्त बरामद डली को नियमानुसार पुलिस कब्जे में लिया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख रूपये है तथा वाहन चालक के बगल के सीट पर बैठे जमाल अहमद पुत्र सब्बू मिस्त्री निवासी मो0 किला नानपारा थाना नानपारा जनपद बहराइच के पास से नोटो के बण्डल मिले। जिसमें कुल नोट 200 रूपये के सात पैकेट जिसमें प्रत्येक पैकेट में 20000/- कुल रु0- 1,40000, नोट 100 रूपये / प्रति के 46 बण्डल कुल रु0- 4,60000 , नोट 20 रूपये के 02 बण्डल दो हजार प्रति बण्डल कुल 4000, नोट 10 रूपये के 08 बण्डल एक हजार प्रति बण्डल कुल 8000 व 10 के 32 नोट कुल 320 रूपये कुल 06 लाख, 12 हजार, 3 सौ 20 रूपये बरामद हुए तथा वाहन महिन्द्र जाइलो नं0 क्र2चक्र7217 को कब्जे में लेकर सीज किया गया। बरामदगी के सम्बन्ध इनकम टैक्स विभाग लखनऊ के अधिकारियो को सूचित कर दिया है।

# पुलिस पार्टी पर तमंचा से हमला ,गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पुलिस उपाधीक्षक/थाना प्रभारी देवेन्द पचौरी व प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा थाना सोनवा मय हमराह टीम द्वारा रात्रि गस्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेकिंग गोपाला सराँय तिराहे पर की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि रेशम फार्म गौसपुर के पास स्थित मजार के पास 02 संदिग्ध व्यक्ति बैठे है इस सूचना पर पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबन्दी की गयी तो पुलिस टीम की आहट पाकर दोनों व्यक्ति भागने लगे पुलिस टीम द्वारा पकड़ने की कोशिश की गयी तो पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जिससे पुलिस टीम बाल-बाल बचते हुए 01 व्यक्ति को दौड़ा कर आम के बाग के पास पकड़ लिया गया तथा दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम सलीम पुत्र ताहिर नि0 लोनियनपुरवा दा0 चन्दखाँ बुजुर्ग थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती बताया तथा भागे हुए दूसरे व्यक्ति का नाम दद्दन पुत्र बच्चूराम नि0 लोनियनपुरवा दा0 चन्दखाँ बुजुर्ग थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती बताया गया। पकड़े गये अभियुक्त के पास 01 अदद देशी तमन्चा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस व 01 अदद फायर शुदा खोखा बरामद किया गया। गिफ्तार अभियुक्त सलीम व फरार अभियुक्त दद्दन अभ्यस्त अपराधी हैं। अभियुक्त सलीम के विरुद्ध गोवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट से संबंधित एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है तथा फरार अभियुक्त दद्दन के विरुद्ध गुण्डा, गैगेस्टर, आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 08 अभियोग पंजीकृत है।

# राजीव युवा मितान क्लब के तहत जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता का हो रहा संचालन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- राजीव युवा मितान क्लब के तहत जिले में जिला, विकासखंड, संकुल और ग्राम पंचायत स्तर पर हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती सहित छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज मरवाही जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कोटखर्री, मगुरदा, बरवासन, पंडरी, बंधौरी, नरौर, करहनी, सेमरदर्री, खन्ता, करगीकला, गौरेला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सेमरा, तरईगांव और पेंड्रा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कोटमी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में खेलों का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि जिले में 7 जून से ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत जिले में 7 से 9 जून तक ग्राम पंचायत स्तर पर, 10 एवं 11 जून को संकुल स्तर पर, 12 एवं 13 जून को खंड स्तर पर और 14 एवं 15 जून को जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने ग्रीष्मकालीन खेल-कूद प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना विभिन्न व्यवसायों हेतु ऋण के लिए 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न व्यवसायों हेतु ऋण के लिए आवेदन 30 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के जिला महाप्रबंधक ने बताया कि योजना के अंतर्गत विनिर्माण उद्यम हेतु 25 लाख रूपए, सेवा हेतु 10 लाख रूपए और व्यवसाय हेतु 2 लाख रूपए अधिकतम बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी, न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण, आवेदक की आयु आवेदन कि तिथि के समय 18 से 35 वर्ष के बीच हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, नि:शक्तजन उद्यमी, नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य, सेवा निवृत्त सैनिक हेतु अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी। आवेदक किसी भी राष्ट्रीय बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी बैंक का ऋणी न हो तथा आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये वार्षिक से अधिक न हो। ऐसे आवेदक जिन्होने प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, भारत सरकार या राज्य शासन की किसी अन्य योजना के अंतर्गत अनुदान का लाभ लिए हो पात्र नहीं होंगे। इस योजना का लाभ एक परिवार में सिर्फ एक ही व्यक्ति को मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक निर्धारित आवेदन प्रपत्र नि:शुल्क जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र संयुक्त जिला कार्यालय भवन टीकरकला गौरेला कक्ष क्रमांक 108 से प्राप्त कर सकते हैं। सज्जा हेतु वर्तमान दरों के कोटेशन, परिवार के आय के संबंध में शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख रूपये तक, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित आवेदक को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपये तक एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदक को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 रूपये तक के मार्जिन मनी अनुदान की पात्रता होगी। आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, टीकरकला, गौरेला कक्ष क्रमांक 108 में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए जमा किया जा सकता है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पंचायत सभागार में यू0पी0एस0सी0 वर्ष 2021 की परीक्षा में चयनितों को सम्मान समारोह सम्पन्न




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद मण्डल से मुख्यमंत्री अभ्युदय प्रशिक्षण योजना के तहत अल्प आय वर्ग के पंजीकृत लाभार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु जिला पंचायत सभागार मुरादाबाद में मार्गदर्शन के लिए मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं निर्देशन में कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ। यू0पी0एस0सी0 वर्ष 2021 की परीक्षा में चयनितों को सम्मान समारोह में मण्डल के चारों सिविल सेवा परीक्षा चयनितों को माता-पिता सहित आमंत्रित कर अभ्युदय योजना में शासन की नि:शुल्क कोचिंग के लिए अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए चयनितों ने यूपीएससी की तैयारी के संबंध में अपने अनुभवों को साझा किया और सिविल सेवा में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री श्रुति शर्मा, 6वीं रैंक प्राप्त करने वाले श्री यश चैधरी, 176वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री स्मृति भारद्वाज तथा 225वीं रैंक प्राप्त करने वाले श्री आदित्य राज ने बताया कि उन्होंने किस प्रकार से सकारात्मक ऊर्जा से सभी विषयों की तैयारी की, अखबारों से पढा तथा एनसीआरटी की बुकों को गंभीरता से पढकर कई-कई बार नोट तैयार किए। उन्होंने कहा कि हम सबने अपने धैर्य एवं आत्मविश्वास को नही खोया और आने वाली दिक्कतों को शेयर कर उनको दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने मौजूदा अभ्युदय कोचिंग हेतु चयनितों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं को सुनकर दूर किया और उत्तर भी दिए और कहा कि जीवन में कभी भी निराश न हों तथा निरन्तर अपना बेस्ट देने की सोच बनाए तभी जरुर अपने जीवन में सफल होंगे। मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने यूपीएससी के चयनित एवं सभी टॉपरों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि इनके साथ सबसे महत्वपूर्ण रोल इनके माता-पिता का है जिन्होंने अपने बच्चों को सपोर्ट कर इस मंजिल तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि सपोर्ट करने से बहुत सी चीजें आसान हो जाती है, किन्तु जिन्हें सपोर्ट नही मिलता वह काबिले तारीफ हैं। उन्होंने कहा कि आज यह टॉपर अपने संघर्ष से अपने मुकाम तक पहुंचे। आज उनकी सफलता के सम्मान का अवसर है तथा इनके मार्गदर्शन से अभ्युदय योजना के छात्र-छात्राओं को वह मुकाम मिलेगा जो उन्हें सही स्थान पर ले जा सकेगा। डीआईजी श्री शलभ माथुर ने यूपीएससी के टॉपरों को बधाई देते हुए एव उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परीक्षा पर्सनालिटी बैलेंस करने का मौका देता है तथा जिस विषय पर कम पकड है उससे जुझे व हिम्मत न हारे तथा अपने अन्दर आत्मविश्वास बनाये रखें एवं अपनी गलतियों को कम करें और अपने कार्यो को अच्छी तरह से करें। जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए अभ्युदय प्रतियोगियों से कहा कि यूपीएससी तैयारी हेतु कई साल गवां दिए छात्र-छात्राएं ऐसा कभी न सोचे, यह समय जिदंगी के हर मोड पर काम आयेगा और आपको बेहतरीन इंसान बनाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि निगेटीविटी को अपने अन्दर से बाहर निकालना होगा, सपना पूरा होनो ही जिदंगी का मकसद नही बल्कि दायित्वों का ठीक प्रकार से निवर्हन कर समाज एवं देश को नई दिशा प्रदान करे और नये क्षेत्र आपकी प्रतिभा से जगमगायें। इस अवसर पर यूपीएससी टॉपरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, नगर मजिस्टेªट एमपी सिंह, उप निदेशक समाज कल्याण एसके राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अभ्युदय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहें।

# बेसहारा गरीब लोगों को जिलाधिकारी ने किए राशन कार्ड वितरित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुख्यमंत्री द्वारा नयी सरकार के गठन के बाद 100 दिन के कार्य की योजना के अर्न्तगत आज बेसहारा कूडा बीनने वाले गरीब लोगों को जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पात्र लोगों को राशन कार्ड वितरित किए। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र के गरीब 17 परिवारों के लगभग 100 सदस्यों को राशन कार्ड बनाकर उनके सुपुर्द किया गया है। उन लोगों से यह भी आग्रह किया है तथा बी0एस0ए0 को भी निर्देश दिऐ कि उनके जो बच्चे स्कूल नही जाते है उनको स्कूल में अनिवार्य रुप से दाखिला दिलाया जाये। इन राशन कार्डो से सरकार की महत्वपूर्ण खाद्यान्न वितरण योजना से लाभान्वित किया जा सके गा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, नगर मजिस्टेªट एमपी सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह एवं लाभार्थी उपस्थित रहें।

WWW.KNLSLIVE.COM

# नरमू ने रेल अफसर के खिलाफ प्रदर्शन-नारेबाजी



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मांगे न माने जाने से नाराज रेल यूनियन ने एक रेल अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। यूनियन पदाधिकारी व रेल कर्मियों ने अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया। नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) ने गुरुवार को सीनियर डीएसटीई (प्रवर सिग्नल व दूरसंचार अधिकारी) के खिलाफ गुस्सा जताया। डीआरएम दफ्तर में बने चेंबर के बाहर अफसर के खिलाफ संगठन के खिलाफ तमाम कर्मचारी एकजुट हुए और चेंबर के बाहर खड़े होकर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सिग्नल व दूर संचार के खिलाफ तमाम आरोप लगाए। यूनियन ने अफसर पर तानाशाही रवैए का आरोप लगाया। कहा कि रवैए के चलते कर्मचारियों की तमाम मांगे लंबित है। समस्याएं हल न होने का असर रेल कर्मचारियों पर पड़ रहा है। हालांकि रेल अधिकारी की ओर से एक निश्चित समय में मांगे पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान नरमू के मंडल सचिव राजेश चौबे व अध्यक्ष मनोज ने किया। इस दौरान गोपेश , एके सिंघल, मो.नफीस खां, शिवराज सुनील , मनोज, ब्रह्मपाल मशकूर आलम, दीपक यादव रहे।

# आईएएस टॉपर के टिप्स : आईने के सामने बोलें तो खत्म होगी झिझक



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुझे इंटरव्यू को लेकर झिझक रहती है, मैं बोल नहीं पाती। इस पर यूपीएससी टॉपर श्रुति शर्मा ने कहा कि आप अपने घर में आईने के सामने बोलने की आदत डालें, झिझक खत्म होगी। मॉक इंटरव्यू के माध्यम से भी प्रैक्टिस कर सकते हैं। मुरादाबाद के पंचायत भवन में श्रुति छात्रों के प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। मौका था मंडल मुख्यालय पर यूपीएससी परीक्षा 2021 के उन छात्र-छात्राओं के स्वागत का, जिन्होंने यह परीक्षा हाल में पास की है। मंडलायुक्त आन्जनेय सिंह की पहल पर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के पंजीकृत छात्रों के लिए इस अवसर पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बिजनौर निवासी यूपीएससी टॉपर (रैंक 1) श्रुति शर्मा समेत छठां रैंक पाने वाले यक्ष चौधरी, स्मृति भारद्वाज और आदित्यराज ने सवालों के जवाब दिए। परीक्षा की तैयारी करने वालों ने आत्मविश्वास बढ़ाने, पढ़ाई में विषय चुनने, टाइम मैनेजमेंट पर सवालों की झड़ी लगा दी। उतनी ही शिद्दत के साथ यूपीएससी के पास आउट नए बैच ने उन्हें जवाब दिए। टॉपर श्रुति ने कहा कि विषय अपनी रुचि के अनुसार चुनें। यश ने बताया किस तरह से समय प्रबंधन करें। आदित्य ने हिंदी मीडियम के छात्रों के लिए हिंदी अखबार पढ़ने पर जोर दिया। एक सवाल यह भी आया कि जब हमारी प्रतिभा दबने लगती है, हम हारने लगते हैं तो इससे कैसे उबरें तो जवाब मिला आपके परिवार और दोस्त इस वक्त आपकी सबसे बेहतर मदद कर सकते हैं। संदेश दिया कि जीवन में निराशा को हावी न होने दें। स्मृति ने कहा कि पिछली परीक्षा में आए प्रश्नों को जरूर देखें। खुद तैयार नोट से निरंतर अभ्यास करें, सफलता कदम चूमेंगी। अफसरों ने की हौसला अफजाई, कहा आगे बढ़ते रहें यूपीएससी वर्ष 2021 की परीक्षा में चयनितों को उनके परिजनों समेत सम्मानित किया गया। सीडीओ आनन्द वर्धन, नगर मजिस्ट्रेट एमपी सिंह, उप निदेशक समाज कल्याण एसके राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अभ्युदय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहें।

**अफसरों ने कहा –**

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि इनके साथ सबसे महत्वपूर्ण रोल इनके माता-पिता का है, जिन्होंने अपने बच्चों को सपोर्ट कर इस मंजिल तक पहुंचाया है। इनके मार्गदर्शन से अभ्युदय योजना के स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। डीआईजी शलभ माथुर ने बधाई देते हुए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि प्रतियोगी की जिस विषय पर पकड़ कम है, वह हिम्मत न हारें। आत्मविश्वास बनाएं रखें एवं अपनी गलतियों को कम करें और अपने कार्यों को अच्छी तरह से करें। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए अभ्युदय प्रतियोगियों से कहा कि यूपीएससी तैयारी के लिए कई साल गवां दिए छात्र-छात्राएं ऐसा कभी न सोचें। पहले की मेहनत आगे काम जरूरत आती है। निगेटीविटी को अपने अंदर से बाहर निकालना होगा। समाज को नई दिशा दें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Indian very poor

According to the latest World Bank report, a person who earns $2.15 a day is poor. This may be the average measure of poverty in the dollar world. Since the Indian rupee is very weak in relation to the dollar, we cannot accept this criterion of poverty. India's poverty is worse. If the purchasing power of the average citizen is taken as the basis, then the average income of the poor in the context of India can be estimated at Rs 53-54 per day. People who are below poverty line or are poor farmers in the country, their income is even less. That is, a large part of India is still poor. About 26-28 percent of the population in villages is poor. The Government of India itself believes that the average daily income of the farmer from farming during 2018-19 was only Rs.27. Even if the income had reached close to the World Bank norm, the farmer would still be poor. The surprising fact is that the Government of India has not publicly shared the data of poverty and average income with the country till date. Only the figures and estimates of the Lakkarwala and Tendulkar committees are available. They too are old. The Lakkarwala Committee concluded that 28.30 percent of the country's population is doomed to live below the poverty line. According to the 2016 Government Economic Survey, the average annual income in 17 states of the country was Rs 20,000. That is, less than Rs 1700 per month….! The Government of India claims that in 2019, only 10-11 percent of the population remained below the poverty line, but the average income of farmers and agricultural laborers was only Rs 27 per day. Will such 'Annadata' not be considered below the poverty line? It is worth noting that at present we are talking about the people below the poverty line. The poor are different from that population and such a population is worrying. Even in the year of Corona period, about 23 crore people had gone below the poverty line. The government has also not provided the data of how many of them have recovered so far. The government has disclosed so much that the income of the farmer has increased by more or less 10 percent during 2013-19. The average income of the farmer at present is Rs 10,218. In that too Rs 4063 is available as wages, whereas only Rs 3798 is available from crop production. On average, 1582 rupees are also available from animal husbandry. Prime Minister Modi had announced doubling of farmer's income in 2016. According to the increase in income, the income of the farmer should be Rs 21,500, but this has not been done. In fact, farmers and laborers are the weakest economic units of our system, so we are trying to understand our poverty through farmers. The farmer is worse than the laborer because he gets a minimum wage of Rs 200 under MGNREGA. In some states like Haryana, this daily wage is more than Rs 300. The farmer is able to earn only 27 rupees a day, so just imagine where India is present in the world in poverty? So far, we have not assessed the impact of inflation on the poor. Thankfully, for a long time, governments are providing free food grains, edible oil, sugar, pulses etc. to the poor. Despite this, the country ranks 102nd in terms of hunger. That is, conditions of starvation have arisen. However we do not believe so. Developed countries in the world give subsidy of lakhs to the farmers, as a result farmers and agriculture are alive. Market reforms never improved the poverty of the farmers.

# Monalisa shared a romantic video with Vikrant Singh, seeing the fans said - Hey just do it

Monalisa is a social media star. She remains very active on social media. Monalisa keeps interacting with fans through photos and videos. Now Monalisa has shared the video with husband Vikrant Singh. Actually, Monalisa follows every social media trend. So this time Monalisa has made a video on the latest song Rangi Saari from the movie Jug Jug Jio. Even though it is not Holi, Monalisa has used colors to make this video fun. Along with this, romantic chemistry was seen between Monalisa and Vikrant. In the video you will see that Monalisa is wearing a white short top and shorts. At the same time, Vikrant wore a yellow color T-shirt and shorts. In the video you will see that Vikrant and Monalisa apply color on each other's face. Sharing the video, Monalisa wrote, What is the feeling of this beautiful song. On the video, fans are praising the romantic chemistry of both. At the same time some are saying that the pair of both of you is perfect. At the same time, some are commenting that Vikrant is very lucky that he has a partner like Monalisa. So some said that oh just do it, I have set the fire. Let us tell you that Monalisa and Vikrant were recently seen in the show Smart Jodi. Both were seen as contestants in this show. However, both the shows could not win. The winners of the show were Ankita Lokhande and Vicky Jain. Although Monalisa and Vikrant's fans got a lot of love. Marriage in Bigg Boss - Let us tell you that Vikrant and Monalisa have worked together in many Bhojpuri films before. Both were again seen in the Big Boss show and here both of them got married in the same show. After coming out of the show, both of them started their life together as husband and wife. The special thing about both is that both always support each other personally or professionally.



# Kangana Ranaut got furious over the fake video, deleted the post after knowing the truth

Bollywood actress Kangana Ranaut is in a lot of discussion about her rhetoric. She often gives her feedback on the activities going on in the country. He slammed Qatar Airways CEO Akbar Al-Baker while reacting to an edited video that is going viral on social media. But when he came to know about the truth of this video, he deleted his post from social media. Sharing a screenshot of a spoofed video of the Qatar Airways CEO, Kangana on Wednesday shared a post on Instagram Story and wrote, "This mindless man has no shame in mocking a poor man for his insignificance and place in the world... Vasudev may be poor and unimportant to a rich man like you. But he has the right to express his sadness, pain and despair, no matter what... Remember there is a world beyond this world, where we are all equal. At the same time, Kangana wrote in another story, All the so called Indians who are cheering on this bully to make fun of a poor man, remember that this is the reason why you are a big burden in this populous country. However, the actress has deleted these stories after a few hours. Let us tell you, recently after the statement of Nupur Sharma, the boycott of Indian goods started after huge protests in Qatar. On which a person had demanded a boycott of Qatar's product on Twitter. At the same time, on Tuesday, Kangana Ranaut also shared a post supporting Nupur Sharma, in which she is speaking on the threats being given to the politician and the objectionable remarks made on Hindu gods and goddesses.



# मारहरा में पालिका की साढ़े 10 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा, कराई नापजोख

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कस्बा मारहरा में अवैध कब्जाधारकों पर प्रशासन बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। यहां पालिका की साढ़े 10 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया। इस पर दो दर्जन से अधिक दुकान बनी हुई हैं। मंगलवार को दिनभर नापजोख की जाती रही और निशान लगा दिए गए। इस दौरान अवैध कब्जाधारकों अधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखते रहे, मगर संतोषजनक कागजात नहीं दिखा सके। कस्बा के हैदरी चौक में पालिका ने साढ़े 10 बीघा जमीन अपनी बताई है, जिस पर वर्षों पूर्व से स्थानीय लोग काबिज हैं। उन्होंने दुकानें बना रखी हैं। अभियान के तहत प्रशासन ने हाल ही में दुकानदारों को नोटिस दिया था

कि वे अवैध कब्जा हटा लें, वरना कार्रवाई की जाएगी। किसी ने भी दुकानें खाली नहीं की। सोमवार को सभी दुकानदार एकत्रित होकर जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के पास पहुंचे। डीएम ने इस पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की और पैमाइश के निर्देश दिए। मंगलवार को नायब तहसीलदार के साथ ईओ मारहरा कैलाश नाथ मिश्रा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ राजस्व टीम पहुंची और पैमाइश का काम शुरू कर दिया। शाम तक आधी दुकानों की ही पैमाइश की जा सकी और फिर काम रोक दिया गया। शेष भूमि की पैमाइश भी शीघ्र की जाएगी।

इससे पहले दोपहर एक बजे बुलडोजर भी पहुंच गया था, जिसको लेकर लोगों में और ज्यादा खलबली मच गई। चूंकि इससे पहले नापजौख होनी थी, इसलिए बुलडोजर को वापस कर दिया गया। पालिका की भूमि पर जिन लोगों की दुकानें बनी हुई हैं उनमें से नसीर सिद्दीकी, मुशीर खां, एजाज अली, चीनी बाबू आदि ने बताया कि वे काफी समय से इस भूमि पर काबिज हैं और यह जमीन पालिका की नहीं है। हमें बेवजह परेशान किया जा रहा है। दूसरी तरफ जब पैमाइश हुई तो कई दुकानें पालिका की भूमि में निकलीं, जहां निशान लगा दिया गया। इन दुकानों के पास ही वक्फ बोर्ड की जमीन भी है। इस जमीन पर काबिज लोग भी अपने कागजात लेकर मौके पर पहुंच गए, लेकिन फिलहाल पालिका की भूमि ही चिह्नित की जा रही है। -साढ़े 10 बीघा भूमि नगर पालिका की है, जिस पर स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जा कर दुकानें बना ली थीं। पैमाइश के दौरान ऐसी दुकानों को चिह्नित किया जा रहा है जो अवैध कब्जे वाली हैं। इन दुकानों को ध्वस्त कराया जाएगा। कैलाश नाथ मिश्रा, अधिशासी अधिकारी, मारहरा नगर पालिका परिषद

# पंचायत विकास संस्थान के पदाधिकारियों ने किया कथा भागवत में सम्मान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पंचायत विकास संस्थान में ग्राम कमसान में चल रही कथा भागवत में कथावाचक सहित अन्य लोगों को शॉल उड़ाकर संस्थान के अध्यक्ष पंकज कुमार एडवोकेट ने सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रोतागणो ने कथा भागवत का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष पंकज उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि कथा से हम सबके चरित्र का निर्माण होता है। कथा भागवत से जीवन में एक नई अभिलाषा और उमंग पैदा होती है। तथा हम सत्कर्म की तरफ अपने जीवन की नैया को ले जाते हैं और अपराध की दुनिया से बहुत दूर रहते हैं। जीवन में अपराध कम करने का तथा चरित्र निर्माण करने का सबसे बड़ा स्रोत कथा भागवती है ।
इसलिए हम सबको कथा भागवत को सुनना चाहिए, और मिलजुल कर हम सबको उस में सहयोग करना चाहिए, जिससे समानता और सहयोग की भावना का विकास होता है। इस अवसर पर पंचायत विकास संस्थान के अध्यक्ष पंकज कुमार एडवोकेट, रनवीर सिंह ,आशीष कुमार ,देवेंद्र कुमार उपाध्याय, ओंमकार सिंह, सुधीर उपाध्याय के साथ ही गांव के लगभग सैकड़ों लोग महिला पुरुष श्रोतागण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए आवेदन पत्र नि:शुल्क आमंत्रित किए गए है। इस योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रूपए की परियोजना तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख रूपए की परियोजना के लिए आवेदन स्वीकृत कर बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत पात्र आवेदकों के द्वारा के.वी.आई.सी. की वेब साईट 222-द्य1द्बष्श्चठ्ठद्यद्बठ्ठद्र-द्दश1-द्बठ्ठ में ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना की पात्रता के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। विनिर्माण के क्षेत्र में 10 लाख रूपए तथा सेवा के क्षेत्र में 5 लाख रूपए से अधिक परियोजना की स्थापना के लिए लाभार्थी को 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। योजना के अंतर्गत कोई आय सीमा नहीं है तथा स्व-सहायता समूह को भी पात्रता होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए सोसायटी रजिस्ट्री अधिनियम 186 के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाए और उत्पादन सहकारी समिति तथा दानदाता न्यास को भी पात्रता होगी। योजना के तहत अनुदान का लाभ प्राप्त हो चुका है इस योजना के तहत ऋण हेतु अपात्र होंगे। आवेदन करने के लिए संबंधित परियोजना का प्रतिवेदन, नगर, ग्राम पंचायत का अनापत्ति सह जनसंख्या प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, दिव्यांग होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साईज फोटो की आवश्यकता होगी। आवेदन के लिए कोई शुल्क की आवश्यकता नहीं हैं। योजना के तहत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को ऋण राशि में 10 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांग को 5 प्रतिशत अंशदान देना होगा। योजना के तहत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को शहरी क्षेत्र में 15 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्र में 25 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। इसी तरह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, दिव्यांग एवं पूर्व सैनिक को शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, टीकरकला, गौरेला कक्ष क्रमांक 108, 109 एवं 110 में संपर्क किया जा सकता है।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# ट्यूबवेल आपरेटरों की मनमानी भीषण गर्मी में नहीं चलाते ट्यूबवेल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- नगर पालिका परिषद के ट्यूबवेलों पर तैनात ट्यूबवेल आपरेटरों की मनमानी से नगर की जनता त्राहि-त्राहि कर उठी है। पिछले तीन दिनों से ट्यूबवेल आपरेटरों द्वारा ट्यूबवेल न चलाये जाने से महाराणा प्रताप नगर, ठंडी सड़क से काली मंदिर मार्ग पर अंधी मोड़, विकास नगर में पेयजल जल की आपूर्ति बंद है। लोग टंकी की टोंटियों के पास बैठ कर प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक देखते रहते हैं लेकिन जलापूर्ति नहीं होती। ऐसा भी नहीं है कि 6 से 8 बजे के बीच विद्युत कटौती होती हो, लगातार बिजली आने के बाद भी ट्यूबवेल न चला कर नगर की जनता को परेशान किया जा रहा है।
गत दिनों अंधी मोड़ के पास चल रहे सीवर कार्य से बंद पानी की शिकायतों के कारण भ्रमण पर आईं चेयरमैन श्रीमती मीरा गांधी को जलापूर्ति व अन्य समस्याओं के सम्बंध में दैनिक राष्ट्रीय कोहिनूर के सम्पादक द्वारा अवगत कराया गया। श्रीमती गांधी द्वारा दूसरे दिन ही नगर पालिका द्वारा की जाने वाली जलापूर्ति को चालू कराकर जनता को राहत पहुंचाने का काम किया गया लेकिन नगर पालिका के ट्यूबवेल आपरेटर द्वारा ट्यूबवेल न चलाये जाने से चेयरमैन श्रीमती गांधी के द्वारा जलापूर्ति चालू कराने हेतु किए गए सारे प्रयास निष्फल हो गये। अंधी मोड़ के आसपास के क्षेत्र में सुबह-शाम दोनों समय में एक बार भी पानी नहीं आ रहा है जिससे जनता में पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि मच गई है।

## संक्रामक खाद्य सामग्री खाने से नगला अकोली में दर्जनों बीमार एक की मौत

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- निधौली कला क्षेत्र की ग्राम पंचायत लहरा के मजरा नगला अकोली में बीते कई दिनों से खाद्य सामग्री खाने से जहां दर्जनों बच्चे डायरिया की चपेट में आ गए हैं वही एक बालिका की मौत भी हो चुकी है मुख्य चिकित्सा अधिकारी उमेश त्रिपाठी का कहना है दूषित खाद्य सामग्री खाने से गांव में लोगों के बीच संक्रामक पनपा है स्वास्थ्य विभाग की टीम निरंतर हालातों पर नजर बनाए हुए हैं और दोषियों के प्रति कड़ी कार्रवाई की जाएगी

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# 334 नग नशीली कफ सिरप सहित 2 गिरफ्तार, थाना सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- नशे के कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिनांक 08.06.2022 को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि कब्रिस्तान मोहल्ला सूरजपुर निवासी शाजिया बेगम अपने घर में भारी मात्रा में नशीली दवाई कफ सिरफ विक्रय करने हेतु इकट्ठा करके रखी है जो बाहर बिक्री करने हेतु कही जाने वाली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देते हुए शाजिया बेगम के कब्जे से अवैध नशीली कफ सिरफ ई-स्कूफ कफ सिरप 98 नग, ऑनरेक्स कफ सिरप 236 नग कुल 334 नग नशीली कफ सिरफ जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 67 हजार रूपये है। पूछताछ पर आरोपी। मामले में नशीली कफ सिरप जप्त कर धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी शाजिया बेगम पति स्व. ईबराईल उम्र 29 वर्ष निवासी कब्रिस्तान मोहल्ला सूरजपुर एवं ललन जायसवाल पिता रामगोपाल जायसवाल उम्र 39 वर्ष निवासी भैयाथान रोड सूरजपुर को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई गजपति मिर्रे, एएसआई रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, अदीप प्रताप सिंह, जय प्रकाश तिवारी, महिला प्रधान आरक्षक कुसुमकांता, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, रामकुमार नायक, राधेश्याम साहू, महिला आरक्षक चंद्रा भास्कर सक्रिय रहे।

# कला जत्था-नाचा दलों की मोहक प्रस्तुतियों के जरिये जन-जन तक पहुंच रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कला जत्था-नाचा दल के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है। इसके तहत जनसंपर्क विभाग द्वारा सूरजपुर जिले में 45 स्थानों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है। गत् दिनों जिले के छः विकासखंड के ग्राम तिवरागुड़ी, रामानुजनगर, जगतपुर, मदनपुर, भटगांव, बंशीपुर, सोनगरा, हरिहरपुर, बसदेई, सिरसी, कोल्हुआ, महुली, करौटी अ, खैरा, पंचवटी, रामतीर्थ, चंदननगर, अर्जुनपुर, भैसामुंडा केवरा, प्रतापपुर, अवंतिकापुर, सेमरा, बिहारपुर, उमझर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कला जत्था ग्रामीण जनता तक बेहद सरल सहज से लोक नृत्य, लोक गान तथा नाटक के द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति के माध्यम से सुलभता से जनहितैषी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का सुगम माध्यम साबित हो रहे हैं राज्य शासन की फ्लेगशिप योजनाओं गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, किसानों की कर्जमाफी, धान खरीदी, ब्याजमुक्त कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, दाई-दीदी क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल, धनवंतरी मेडिकल जैनरिक स्टोर तथा नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इन कार्यक्रमों के आयोजन लोक झंकार कलाकेन्द्र रायगढ़, वैदही एजुकेशनल इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च टेक्नालॉजी सोसायटी जगदलपुर, माँ शारदा लोककला मंच जगदलपुर के माध्यम से किया जा रहा है।

# सरपंच के 3 पद के विरुद्ध 14 अभ्यर्थियों ने एवं पंच के 55 रिक्त पदों के विरुद्ध 28 पदों के लिए 32 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 के लिए जिला सूरजपुर में सरपंच के 3 पद के विरुद्ध कुल 14 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है इसी प्रकार पंच के 55 रिक्त पदों के विरुद्ध 28 पदों के लिए कुल 32 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है तथा 27 पदों पर कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुई है। गौरतलब है कि रामानुजनगर ब्लाक के सुमेरपुर ग्राम पंचायत के सरपंच के लिए 6 अभ्यर्थी, परसापारा ग्राम पंचायत के सरपंच पद के लिए 4 अभ्यर्थी एवं ओड़गी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खैरा के सरपंच पद के लिए 4 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। इस तरह कुल 14 अभ्यर्थियों ने सरपंच पद के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 10 जून को 10.30 बजे से की जाएगी। नाम वापिस लेने का अंतिम तारीख 13 जून 2022 अपराहन 3.00 बजे तक है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक का आवंटन एवं सूची का प्रकाशन 13 जून को अपराहन 3.00 बजे के बाद होगा।

WWW.KNLSIVE.COM

# संसदीय सचिव राजवाड़े के प्रयास से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भटगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित सुदूर वनांचल क्षेत्र छतरंग पालकेवरा में आवागमन की समस्या से क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भटगांव विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े को अवगत कराए जाने पर क्षेत्रीय विधायक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कैलाशनगर से छतरंग जाने वाले मार्ग में स्थित बलम्मा घाट में उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण कार्य की स्वीकृति संसदीय सचिव द्वारा दिलावाया गया। जिसका भूमि पूजन आज सभी जनपद स्तरीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में क्षेत्र के स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े द्वारा किया गया। विदित होना चाहेंगे कि कैलाशनगर से छतरंग जाने वाले मार्ग पर स्थित बलम्मा घाट में पुलिया निर्माण की नितांत आवश्यकता थी उक्त घाट में पुलिया ना होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था, इसके साथ ही कई अप्रिय घटना घटित हो चुकी थी जिससे ग्रामीण परेशान थे। उक्त परेशानी को देखते हुए संसदीय सचिव द्वारा बलम्मा घाट में पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। बलम्मा घाट में पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इस कृत हेतु स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अपने क्षेत्र के विधायक पारसनाथ राजवाड़े को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष मनिहारी लाल पैकरा, उपाध्यक्ष शिवबालक यादव, लोकेश गुर्जर, संजय यादव, मंदेश गुर्जर, गौतम कुशवाहा, रूपेश सिंह, लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर निखिल यादव, वन क्षेत्राधिकारी नरेंद्र गुप्ता, मेवालाल पटेल एवं स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना: छूटे एवं नवीन हितग्राही पंजीयन हेतु 30 जून तक कर सकते है आवेदन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- योजनांतर्गत पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी, हॉट पहरिया एवं बाजा मोहिरिया को किया गया शामिल छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के क्रियान्वयन हेतु जारी दिशा निर्देश में आंशिक संशोधन किया गया है। योजनांतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के आदिवासियों के देव स्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पहरिया एवं बाजा मोहिरिया, कृषि भूमि धारण करने के बावजूद योजनांतर्गत उनकी पात्रता निर्धारित की गई है, परंतु इस वर्ग के वे परिवार जो शासन से सामाजिक भत्ता, आर्थिक सहायता अन्य योजना से प्राप्त कर रहे हों वे पात्रता की श्रेणी में नहीं आयेंगे। प्रविष्टि कर पंजीयन करने की तिथि 1 जुलाई से 15 जुलाई 2022 तक, प्राप्त आवेदन का ग्राम पंचायत में परीक्षण 16 जुलाई से 25 जुलाई 2022 तक, ग्राम पंचायत द्वारा परीक्षण उपरांत दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सूची प्रकाशन 26 जुलाई 2022, ग्राम पंचायत स्तर पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 27 जुलाई से 13 अगस्त 2022 तक, विशेष ग्राम सभा में दावा आपत्ति आवेदनों का निराकरण 14 अगस्त 2022, ग्राम सभा से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार पात्र-अपात्र हितग्राहियों का वेबसाईट में अद्यतीकरण जनपद स्तर पर 16 अगस्त से 31 अगस्त 2022 तक एवं अंतिम सत्यापित सूचि का प्रकाशन की तिथि कलेक्टर द्वारा 1 सितंबर 2022 को किया जाएगा। गौरतलब है कि वर्तमान में इस योजनांतर्गत संशोधित किया गया है। अब प्रतिवर्ष राशि 6000 रूपये के स्थान पर 7000 रूपये प्रति हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों एवं नये प्राप्त आवेदन पत्रों का भी समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दी हैं। उन्होंने जिले वासियों से जो हितग्राही पात्रता रखते हैं लाभ लेने अपील की है। योजना अंतर्गत पात्र हितग्राही अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायतों से शीघ्र संपर्क कर अपने पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है तथा छूटे एवं नवीन हितग्राही भी पंजीयन हेतु 30 जून तक आवेदन कर सकते है।